फैक्स / क्यूमेल / आवश्यक

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश।

टावर–1 चर्तुथ तल, सिग्नेचर बिल्डिंग गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226002

संख्याःअठ्ठारह–एएसआई(लिपिक)271–2024 दिनांकःलखनऊः ~~जुलाई~~ अगस्त 02 ,2024

## आदेश

उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथा–संशोधित) में निहित निर्देशों के अन्तर्गत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये, ज्येष्ठता के आधार पर पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) से पुलिस उप निरीक्षक(लिपिक) के पद पर पदोन्नति हेतु भर्ती बोर्ड स्तर पर गठित विभागीय चयन समिति की संस्तुति अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पत्र संख्याःपीआरपीबी–चार–10(37)/2024 दिनॉकः26.07.2024 द्वारा इस मुख्यालय को उपलब्ध कराई गयी है, जिसमें 51 कार्मिकों को पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) से पुलिस उप निरीक्षक(लिपिक) के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाया गया है। उपयुक्त पाये गये 51 कार्मिकों के सापेक्ष वर्तमान में दिनॉकः31.07.2024 तक पुलिस उप निरीक्षक(लिपिक) की 26 रिक्तियॉ विद्यमान है, जिनका पदोन्नति आदेश निर्गत किया जा रहा है। शेष बच रहे 25 कार्मिकों का पदोन्नति आदेश माह अगस्त–2024 से जून–2025 तक माहवार घटित होने वाले पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) की रिक्तियों के सापेक्ष निर्गत किया जायेगा। अध्यक्ष उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी विभागीय चयन समिति की संस्तुति पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा अनुमोदित किये जाने के फलस्वरूप वर्तमान में उपलब्ध रिक्ति के सापेक्ष निम्नलिखित 26 कार्मिकों को तत्कालिक प्रभाव से इनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

| क0 सं0 | वरिष्ठता कमांक | पीएनओ | नाम | पिता/पति का नाम | जन्म तिथि | नियुक्ति स्थान | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 10 | 922760336 | शशिकान्त श्रीवास्तव | स्व0 ध्रुवजी लाल श्रीवास्तव | 12–07–1973 | उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, लखनऊ | 2024 |
| 2 | 14 | 932027511 | विपिन कुमार | स्व0 महेन्द्र पाल सिंह | 16–09–1969 | बदायूँ | 2024 |
| 3 | 20 | 960980028 | विनोद कुमार सक्सेना | स्व0 श्री राधे श्याम सक्सेना | 04–08–1969 | मुख्यालय पुलिस महानिदेशक | 2024 |
| 4 | 25 | 972320016 | हरिमोहन शर्मा | स्व0 विष्णुदेव राय | 01–05–1973 | लखनऊ | 2024 |
| 5 | 30 | 972480796 | रविशंकर त्रिपाठी | स्व0 श्री हरिचरण त्रिपाठी | 25–07–1975 | 04वीं वाहिनी यूपीएसएसएफ,मथुरा | 2024 |
| 6 | 40 | 972463009 | जगनरायन | स्व0 रामरती गौड़ | 01–01–1976 | जनपद भदोही | 2024 |
| 7 | 41 | 972640541 | श्यामबीर सिंह | श्री साहब सिंह | 10–09–1973 | मथुरा | 2024 |
| 8 | 57 | 992290087 | विनोद कुमार | स्व0 का0 रनवीर सिंह | 30–06–1978 | जनपद मेरठ | 2024 |
| 9 | 62 | 000800017 | आरिज हुसैन | स्व0 वासित हुसेन | 06–01–1971 | ई0ओ0डब्लू0 मुख्यालय, उ0प्र0, | 2024 |
| 10 | 63 | 002080039 | मन्जू सिंह | स्व0 उदय भान सिंह | 12–11–1967 | अम्बेडकरनगर | 2024 |
| 11 | 66 | 000920012 | देवेन्द्र कुमार | स्व0 राम छबीला प्रसाद | 20–08–1980 | महराजगंज | 2024 |

| क्र0 सं0 | वरिष्ठता क्रमांक | पीएनओ | नाम | पिता/पति का नाम | जन्म तिथि | नियुक्ति स्थान | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 12 | 69 | 000950015 | राज नारायण पटेल | स्व0 जगन्नाथ पटेल | 29-03-1973 | पीएसी मुख्यालय | 2024 |
| 13 | 75 | 002030119 | रमेश सिंह यादव | स्व0 राधेश्याम सिंह | 01-07-1977 | कौशाम्बी | 2024 |
| 14 | 85 | 932460822 | ओम प्रकाश मिश्रा | पारश नाथ मिश्रा | 01-06-1970 | 02वीं वाहिनी वि0सु0बल गोरखपुर | 2024 |
| 15 | 90 | 012770058 | श्रीमती संजू साहनी | इन्द्रजीत साहनी | 04-08-1980 | सुरक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ | 2024 |
| 16 | 91 | 012460856 | श्रीमती प्रेमलता दुबे | पत्नी स्व0 अरविन्द कुमार दूबे | 01-01-1976 | कमि0 प्रयागराज | 2024 |
| 17 | 92 | 012680014 | अजय कुमार सिंह | स्व0 अमरेश सिंह | 10-08-1978 | सीतापुर | 2024 |
| 18 | 94 | 011090029 | संगीता रानी | पत्नी श्री सुधीर कुमार त्यागी | 18-12-1969 | हापुड | 2024 |
| 19 | 104 | 022450034 | शैलेन्द्र नाथ तिवारी | श्री त्रिभुवन नाथ तिवारी | 01-04-1967 | पीएसी मुख्यालय | 2024 |
| 20 | 105 | 012320455 | मुन्नी उर्फ कालिन्दी | स्व0 जगदम्बा प्रसाद | 02-07-1972 | बलरामपुर | 2024 |
| 21 | 107 | 022330013 | जसवीर सिंह | स्व0 श्री सुलेख चन्द चौहान | 10-07-1980 | परिक्षेत्र कार्यालय, मेरठ | 2024 |
| 22 | 113 | 020500056 | राजीव यादव | स्व0 रघुनन्दन यादव | 30-03-1979 | मुख्यालय पुलिस महानिदेशक | 2024 |
| 23 | 115 | 022240024 | श्रीमती अनीता | स्व0 श्री मुन्शी लाल | 10-03-1975 | मैनपुरी | 2024 |
| 24 | 118 | 022500032 | श्रीमती सुनीता सिंह | श्री नरसिंह बहादुर सिंह | 15-04-1980 | 20वीं वाहिनी आजमगढ़ | 2024 |
| 25 | 119 | 022250025 | दिवाकर पाण्डेय | स्व0 बंशराज पाण्डेय | 01-04-1981 | मुख्यालय पुलिस महानिदेशक | 2024 |
| 26 | 127 | 022100014 | राजाराम शुक्ला | स्व० राम बदन शुक्ल | 01-08-1969 | आईजी रेलवे कार्यालय प्रयागराज | 2024 |

2— पदोन्नति पाये उक्त पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) अपने नियुक्ति स्थान जनपद/इकाई/शाखा पर कार्यभार ग्रहण करेगें। यदि किसी कर्मी के नियुक्ति का स्थान स्थानान्तरण के फलस्वरूप परिवर्तित हो गया हो तो सम्बन्धित कर्मी अपने नवनियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करेगा। उक्त कर्मियों के परिवीक्षा काल हेतु उ0प्र0 पुलिस लिपिक लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली—2015 (यथा संशोधित) में अंकित प्रावधान के अनुसार कार्यवाही अपेक्षित होगी।

3— पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व संबंधित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) से **संलग्न प्रारूप (क)** में स्वहस्ताक्षरित घोषणा—पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्याः 13/21/89—का—1—1997 दिनांकः 28.05.1997 के खण्ड—2 में दी गयी निम्नलिखित 03 परिस्थितियॉः—

(क) यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है,

(ख) यदि कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिये आरोप—पत्र जारी किया जा चुका है।

(ग) यदि आपराधिक आरोप के आधार पर कार्मिक के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप—पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है। उपरोक्त तीनों परिस्थितियॉ सम्बन्धित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के विरूद्ध विद्यमान न हों।

4– यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉं विद्यमान नहीं हैं तो सम्बन्धित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) को पुलिस उप निरीक्षक (लिपिक) के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा। यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉं विद्यमान पायी जाती है तो सम्बन्धित कर्मी के पदोन्नति के आदेश का कियान्वयन न कराया जाये तथा सम्पूर्ण तथ्यों सहित आख्या इस मुख्यालय को उपलब्ध कराते हुये दिशा–निर्देश प्राप्त किया जायेगा।

5– यदि सम्बन्धित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अंकित कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस जनपद/इकाई द्वारा की जायेगी, जिस जनपद/इकाई में सम्बन्धित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सहित संबंधित कर्मी को पदावनत किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण तथ्य/अभिलेख इस मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।

6– आदेश की प्रति उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट http://uppolice.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

**<u>संलग्नकः</u> प्रारूप (क)**

( प्रभाकर चौधरी )
पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना
उतर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को उपरोक्त सन्दर्भ में कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1.अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।
2.अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, उ0प्र0 लखनऊ।
3.अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय लखनऊ/ई0ओ0डब्लू0/पीएसी/सुरक्षा मुख्यालय, लखनऊ/रेलवे।
4.पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ/प्रयागराज।
5.समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
6.समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक,उ0प्र0।
7.पुलिस महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज।
8.वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, बदायूं/भदोही/मथुरा/मेरठ/अम्बेडकरनगर/महाराजगंज/कौशाम्बी/सीतापुर/हापुड़/बलरामपुर/मैनपुरी।
9.सेनानायक, 04वीं वाहिनी यूपीएसएसएफ मथुरा।
10.सेनानायक, 02वीं वाहिनी विशेष सुरक्षाबल गोरखपुर।
11.सेनानायक, 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़।

# स्वघोषणा–पत्र

मैं शपथकर्ता (नाम/पदनाम व पीएनओ)——————————————————————————————पुत्र ——————————निवासी——————————थाना——————————जनपद——————————

वर्तमान में(जनपद/इकाई)——————————————————————————नियुक्त हूँ। मैं प्रमाणित करता हूँ कि:–

(1) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित/प्रचलित नहीं है और न ही कोई आपराधिक अभियोग मा0 न्यायालय में विचाराधीन है।

(2) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत जनपद/इकाई——————————में कार्यवाही लम्बित है, जिसमें दिनांकः——————को आरोप–पत्र दिया गया है।

(3) मेरे विरूद्ध मु0अ0सं0——————————धारा——————————————————थाना——————————

जनपद——————में लम्बित है, जिसमें दिनांकः——————को स्थानीय पुलिस अथवा जॉच एजेन्सी——————————द्वारा आरोप–पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया है तथा अभियोग वर्तमान में——————————स्तर पर चल रहा है।

2– मेरे द्वारा प्रस्तुत घोषणा–पत्र में अंकित तथ्य यदि असत्य अथवा छिपाया पाया जाता है तो मेरे विरूद्ध स्थापित विधि व्यवस्था के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाय, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। यह घोषणा–पत्र मेरे द्वारा पूर्ण रूप से होशोहवास में बिना किसी दबाव के दिया जा रहा है, जिसका मेरे द्वारा पूर्ण रूपेण पालन किया जायेगा।

हस्ताक्षर

नाम/पदनाम/पीएनओ<br>
नियुक्ति स्थान–<br>
दिनांकः–

प्रमाणित<br>
जनपद/इकाई के प्रभारी

नाम/पदनाम की मुहर

नोट–स्वघोषणा–पत्र के प्रस्तर–1 के उपप्रस्तर–(1), (2) व (3) में से जो लागू न हो उसे स्पष्ट रूप से काट (x) दिया जाय।